NSW GOVERNMENT
Education & Communities

# Getting ready for school

A guide for parents of a child with disability

# स्कूल के लिए तैयारी करना

## विकलांग बच्चे के माता-पिता के लिए मार्गदर्शिका







Hindi



हर बच्चे के जीवन में Kindergarten आरम्भ करना एक रोमांचक कदम होता है। अपने बच्चे के लिए स्कूल चुनना एक महत्वपूर्ण निर्णय है और एक विकलांग बच्चे के माता-पिता के लिए यह प्रक्रिया अधिक जटिल हो जाती है।

आपको अपने बच्चे के लिए स्कूल की तैयारी करने व सबसे उपयुक्त स्कूल चुनने की प्रक्रिया में मदद करने के लिए यह मार्गदर्शिका बनाई गई है।

# कहाँ से शुरू करें

■ यदि आपके कोई विकलांगता से पीड़ित बच्चा है तो यह सलाह दी जाती है कि आपके बच्चे के स्कूल जाने से 12 महीने पहले आप अपने स्थानीय स्कूल या अपने क्षेत्रीय कार्यालय से संपर्क करें। इससे आपको अपने बच्चे की विशेष शैक्षिक व सहायता की ज़रूरतों के बारे में संबंधित स्टाफ़ से बातचीत करने का मौका मिलेगा।

■ यदि आपके बच्चे की स्कूल पहुँचने में शारीरिक रूप से कोई विशेष ज़रूरतें हैं तो यह सलाह दी जाती है कि आप बच्चे के स्कूल जाने से 2 वर्ष पहले अपने स्थानीय स्कूल या अपने क्षेत्रीय कार्यालय से संपर्क करें। इससे शिक्षा विभाग को यह सुनिश्चित करने का समय मिल जाएगा कि आपके बच्चे के स्कूल के विकल्प को निर्धारित किया जा सके तथा जब आपका बच्चा स्कूल जाए तो उस समय तक आवश्यक सुविधाएँ तैयार हो जाएँ।

■ जब आप प्रिंसीपल से मिलने स्कूल जाएँ तो उनको बताने के लिए हाल ही की मेडिकल व उपचार संबंधी मूल्यांकन रिपोर्टें ले जाएँ।

■ अपने सहायता नेटवर्क के सदस्यों से बातचीत करें (जैसे कि परिवार, मित्र, डॉक्टर, शिशु चिकित्सक, समर्थक दल, विकलांगता नेटवर्क, फ़िज़ियोथैरापिस्ट, मनोवैज्ञानिक, व्यवसायिक थैरापिस्ट, वाक् रोग-विज्ञानी) व अन्य माता-पिताओं से उनके अनुभवों के बारे में, जिनके विकलांग बच्चे इस स्कूल में हैं ।

■ आपका प्रीस्कूल या आरम्भिक बाल्यावस्था सेवा भी स्कूल में स्थानान्तरण में सहायता दे सकती है। यदि आपके बच्चे को इन सेवाओं की सहायता नहीं मिलती तो आप अपने स्थानीय स्कूल या अपने क्षेत्रीय कार्यालय से संपर्क करें जो आपको आपके क्षेत्र में विशेष स्कूल स्थानान्तरण कार्यक्रम प्रदान कर सकते हैं। आप क्षेत्रीय कार्यालय को अपने घर के फ़ोन से 131 536 पर फ़ोन कर सकते हैं।





## नामांकन के विकल्प

- पूरे NSW में, शिक्षा व समुदाय विभाग [Department of Education and Communities (DEC)] विशेष आवश्यकताओं वाले विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकार की सेवाएँ प्रदान करता है।

- एक निश्चित विकलांगता से पीड़ित बच्चे के माता-पिता या देखभाल कर्ता होने के नाते आप निम्नलिखित शैक्षिक विकल्पों के विषय में सोच-विचार कर सकते हैं:

  - आपका स्थानीय स्कूल
  - किसी आम स्कूल में विशेष कक्षा
  - कोई विशेष स्कूल (विशिष्ट उद्देश्य के स्कूल)

## सही स्कूल जाने के विकल्प को ढूँढना

स्कूल के प्रिंसीपल, स्कूल के पढ़ाई व सहायता दल से विचार-विमर्श करने के बाद, आपकी पसन्द, आपके बच्चे की पढ़ाई व सहायता की विशेष ज़रूरतों व स्थानीय विशेषज्ञ सेवाओं से निकटता को ध्यान में रखते हुए, आपको आपके बच्चे के लिए सही स्कूल ढूँढने में मदद करेंगे। आपका स्थानीय क्षेत्रीय कार्यालय भी आपको आपके बच्चे के लिए सही स्कूल ढूँढने में मदद कर सकता है।

## विकलांगता से पीड़ित बच्चे का नामांकन कराना

- किसी नियमित कक्षा में नामांकन आपके स्थानीय स्कूल द्वारा किया जाएगा।

- किसी विशेष कक्षा या किसी विशेष स्कूल में नामांकन एक प्रक्रिया द्वारा किया जाता है जिसका नाम है क्षेत्रीय स्थान नियोजन पैनल।

- इस बारे में जानकारी अपने क्षेत्रीय कार्यालय को 131 536 पर अपने घर के फ़ोन से लाईन मिलाकर ली जा सकती है।

## एक संक्षिप्त सूची बनाना

- आप अपने स्थानीय स्कूल के बारे में जानने के लिए ऑनलाईन स्कूल पता लगाने वाले इस कार्यक्रम का उपयोग कर सकते हैं www.schools.nsw.edu.au/schoolfind/locator/ इस कार्यक्रम में आप स्कूल के वर्गीकरण में देख सकते हैं उन विशेष स्कूलों में जिनको विशिष्ट उद्देश्य वाले स्कूल कहते हैं, पर याद रखें कि इन स्कूलों में नामांकन आपके क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा व्यवस्थित किया जाएगा। अपने क्षेत्रीय कार्यालय से आप अपने घर के फ़ोन से लाईन मिलाकर 131 536 पर संपर्क कर सकते हैं।

- विकल्पों व अपने बच्चे की विशेष ज़रूरतों के बारे में बातचीत करने के लिए अपने स्थानीय स्कूल के प्रिंसीपल से मिलने का समय नियत करें। बहुत से माता-पिता सहायता के लिए किसी मित्र या रिश्तेदार को अपने साथ ले जाते हैं।

- इस मीटिंग में विभागीय स्टाफ़ को बताने के लिए अपने साथ हाल ही के मेडिकल मूल्यांकन की रिपोर्टें ले जाएँ।

- आप अपने बच्चे की शैक्षिक ज़रूरतों व समस्याओं से संबंधित प्रश्नों की एक सूची भी बना कर ला सकते हैं, जिससे मीटिंग में आप उनके बारे में बातचीत कर सकें।



## अतिरिक्त सहायता

यदि आपके बच्चे को कोई विकलांगता या पढ़ाई करने में कठिनाई है और उसे स्कूल में अतिरिक्त सहायता चाहिए तो कृपया अपने स्थानीय स्कूल के प्रिंसीपल से या क्षेत्रीय कार्यालय से संपर्क करें।

माता-पिता व देखभाल कर्ता अपने बच्चों के गुणों, प्रतिभाओं व आवश्यकताओं की जानकारी देने के बारे में महत्वपूर्ण स्रोत होते हैं। माता-पिता व स्कूलों के बीच प्रभावी भागेदारी से विद्यार्थियों के लिए बेहतर परिणाम निकलने की गुन्जाइश रहती है।

हर स्कूल में पढ़ाई व सहायता दल, कक्षा की टीचर को अपने विद्यार्थियों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद देता है। अपने बच्चों की आवश्यकताओं के बारे में बात-चीत व योजना बनाने में हिस्सा लेने से पढ़ाई व सहायता दल के काम में माता-पिता व देखभाल कर्ताओं का महत्वपूर्ण भाग होता है।

NSW के सरकारी स्कूल विकलांगता से पीड़ित या पढ़ाई में जिन्हें कठिनाई हो ऐसे विद्यार्थियों को कई तरीकों से अधिक सहायता देती है जो हर विद्यार्थी की व्यक्तिगत ज़रूरतों के अनुसार होती है।

इस सहायता में निम्नलिखित शामिल हो सकता हैः

- टीचर कक्षा में अपने प्रतिदिन के पढ़ाने व सिखाने के कार्यक्रमों में जो बदलाव करते हैं
- विशेषज्ञ दक्षता वाले कार्यकर्ताओं का उपलब्ध होना जो विद्यार्थियों व कक्षा की टीचर को सहायता देते हैं
- कक्षा में सहायता स्टाफ़ द्वारा अतिरिक्त सहायता
- विशेषज्ञ सामग्री व उपकरणों का प्रावधान
- टीचर व सहायता स्टाफ़ को विशेषज्ञ प्रशिक्षण उपलब्ध होना।

# स्कूल का अधिक से अधिक उपयोग करना

- जब आप अपने बच्चे के लिए स्कूल का स्थान चुन लेते हैं तो आपको उसमें जितना भी आप हिस्सा ले सकते हैं, लेना चाहिए। अपने बच्चे की टीचर व स्कूल से एक सकारात्मक रिश्ता बनाएँ। इससे स्कूल स्टाफ़ को आपको व आपके बच्चे को अच्छी तरह जानने में मदद मिलेगी।
- अपने बच्चे की टीचर से नियमित रूप से संपर्क करते रहें जिससे आप अपने बच्चे के पढ़ाई के कार्यक्रम व प्रगति तथा आपके या स्कूल के लिए कोई नए सवाल उठें तो उनके विषय में लगातार बात-चीत करते रहें।
- अपने घर व स्कूल के बीच अच्छी तरह से बातचीत के लिए सबसे प्रभावात्मक तरीके के बारे में बातचीत करें। एक माता-पिता होने के नाते आप ही अपने बच्चे को सबसे अच्छी तरह से जानते हैं। आपको अपने बच्चे का सबसे बड़ा समर्थक बनना चाहिए।
- यदि स्कूल से संपर्क करने में आपको दुभाषिए की मदद की ज़रूरत है तो कृपया टेलिफ़ोन दुभाषिया सेवा को 131 450 पर फ़ोन करें और अपनी भाषा के दुभाषिए की मांग करें। ऑपरेटर स्कूल को फ़ोन करेगी और आपको बातचीत करने में मदद के लिए टेलिफ़ोन पर दुभाषिए का प्रबंध करेगी। जहाँ संभव हो सकेगा, यदि अनुरोध किया जाए तो स्कूल अपनी मीटिंगों में भी दुभाषिए का प्रबंध करेगा। आपके लिए यह सेवाएँ निःशुल्क होंगी।








## अन्य साधन

- www.schools.nsw.edu.au/gotoschool/enrolment/index.php (अंग्रेज़ी वेबसाईट)
- *मेरे बच्चे को कौन पढ़ाएगा? (Who's Going to Teach My Child?)* (केवल अंग्रेज़ी में) www.schools.nsw.edu.au/media/downloads/schoolsweb/studentsupport/programs/lrngdificulties/whoteach.pdf
- नाज़ुक पुल DVD (Critical Bridges DVD) (केवल अंग्रेज़ी में) www.det.nsw.edu.au/detresources/critbridges_YKSeRaDPnn.pdf
- स्कूल शुरू करना DVD (Starting School DVD) (अरबी, कैन्टोनीज़, दारी, दिन्का, अंग्रेज़ी, कोरियाई भाषा, मैंडरीन व वियतनामी भाषा में उपलब्ध।) इस लेख की प्रति लेने के लिए Gowrie NSW को (02) 8571 9700 पर फ़ोन करें।

NSW Department of Education and Communities

**क्षेत्रीय कार्यालय से संपर्क करने के लिए नम्बर**

Regional office contact numbers

| | |
|---|---|
| Hunter/Central Coast | 4924 9999 |
| Illawarra & South Coast | 4222 2929 |
| New England | 6755 5934 |
| North Coast | 6652 0500 |
| Northern Sydney | 9886 7690 |
| Riverina | 6937 3871 |
| South Western Sydney | 9796 5446 |
| Sydney | 9217 4877 |
| Western NSW | 6841 2110 |
| Western Sydney | 9208 9359 |

## मेरे संपर्क (My contacts)

स्थानीय स्कूल: (Local school:)

प्रिमसीपल का नाम: (Principal name:)

फ़ोन: (Phone:)

टिप्पणी: (Notes:)

क्षेत्रीय कार्यालय: (Regional office)

संपर्क करने वाले का नाम: (Contact name)

फ़ोन: (Phone:)

टिप्पणी: (Notes:)

© April 2012
NSW Department of Education and Communities

GPO Box 33
Sydney NSW 2001
Australia
T (02) 9561 8000
www.det.nsw.edu.au

NSW GOVERNMENT Education & Communities